# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सौवां जन्म दिवस आज प्रदेश भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी शहरों में विविध आयोजन किये गये और उनके जरिए अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। महाराजगंज में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनवृत्त पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब देश राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा था तब अटल जी ने स्थिरता और सुशासन का एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया। जौनपुर में प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के श्रद्धांजलि अर्पित की और उनसे जुड़ी अपनी स्मृतियों को उपस्थित जनसमूह से सांझा किया।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में गोमती नदी के किनारे कुड़िया घाट पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिमा के रचनाकार अमर पाल सिंह को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री ने अटल संकल्प की प्रतिज्ञा भी दिलाई। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होनें पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान लिए गये एतिहासिक फैसलो को भी रेखांकित किया।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आज सुशासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार के सुशासन का डंका पूरी दुनिया में बजा। उनके नेतृत्व के दौरान ही आजादी के बाद पहली बार देश की विकास दर आठ दशमलव चार प्रतिशत तक पहुंची। रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी ने जिस नये भारत का सपना देखा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसे पूरा करने में जुटे हुए है।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में रामायण के प्रसंग माता सीता की खोज की थीम पर एक भूल भुलैया तैयार कराई है। शीशे से तैयार की गयी इस भूल भुलैया को आज लोकार्पित कर दिया गया। तीन करोड़ अस्सी लाख रूपये की लागत से बनी भूल भुलैया में श्रद्धालुओं को माता सीता की खोज करनी है और यह कार्य करते–करते उससे बाहर निकल आना है। इस भूल भुलैया में एक साथ केवल बीस लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। यह सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा।

**********

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में आज से तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलगुरू प्रोफेसर संजय कुमार ने किया। इस प्रदर्शनी में तरह–तरह के फूल सजाये गये हैं। बोनसाइ प्रजाति के पौधों का प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण था।

**********

भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक संदेश के माध्यम से महामना को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा है कि महामना जी सच्चे अर्थों में राष्ट्र के आराधक थे, उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर आधुनिक शिक्षा पद्धति से युवाओं के चरित्र निर्माण की आधारशिला रखी। गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय में इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन कर के मालवीय जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। वाराणसी के काशी हिन्दू विश्व विद्यालय में इस अवसर पर विविध आयोजन किये गये।

**********

प्रदेश भर में आज क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूम–धाम से मनाया जा रहा है। ईसाई समाज के लोग प्रभू ईसा मसीह के जन्म दिन पर उन्हें याद कर रहे है और एक दूसरे को पर्व की बधाई दे रहे है। इस अवसर पर सभी गिरजा घरों को आकर्षक ढंग से सजाया सवांरा गया है। लोग आसपास के गिरजा घरों में जा कर प्रभू यीशू के प्रति श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। कई स्थानों पर पर्व को लेकर क्रिसमस मेले का आयोजन भी किया गया है। विभिन्न स्थानों पर कैरोल गायन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गये है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्तीस दिसंबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी ऐप या माई गाव ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की सत्ताइस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**********